J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 19.03.2019

PUNJAB KESARI

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को रंकबंधु शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित

फरीदाबाद, 18 मार्च (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रंकबन्धु शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को यह सम्मान शिक्षा, कला, साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए कार्यरत संस्था रंकबन्धु साहित्य अकादमी द्वारा फरीदाबाद में आयोजित 9वें अलंकरण समारोह में प्रदान किया गया, जोकि वर्ष 2017-18 के लिए प्रदान किया गया। प्रो. दिनेश कुमार ने समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित भी किया।

रंकबन्धु शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार प्राप्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

इससे पूर्व, प्रो. दिनेश कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2016 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिष्ठित होमी जे. भाभा मेमोरियल पुरस्कार तथा आल इंडिया काउंसिल आफ ह्यूमन राइट्स, लिबर्टीज एंड सोशल जस्टिस द्वारा वर्ष 2018 में 'प्रतिष्ठित कुलपति पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। एक कुशल प्रशासक तथा प्रतिबद्ध शोधकर्ता की पहचान रखने वाले प्रो. दिनेश कुमार का एक शिक्षाविद् के रूप में 30 वर्षों से अधिक का शिक्षा अनुभव है और उनके 100 से ज्यादा शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं।कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 19 March 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/37739462

NEWS CLIPPING: 19.03.2019

DAINIK BHASKAR

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को मिला रंकबन्धु शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रंकबन्धु शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया है। कुलपति को यह सम्मान शिक्षा, कला, साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए कार्यरत संस्था रंकबन्धु साहित्य अकादमी द्वारा फरीदाबाद में आयोजित 9वें अलंकरण समारोह में दिया गया। वर्ष 2017-18 के लिए यह सम्मान दिया गया। प्रो. दिनेश कुमार ने समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित भी किया। इससे पूर्व, प्रो. दिनेश कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2016 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिष्ठित होमी जे. भाभा मेमोरियल पुरस्कार तथा आल इंडिया काउंसिल आफ ह्यूमन राइट्स, लिबर्टीज एंड सोशल जस्टिस द्वारा वर्ष 2018 में 'प्रतिष्ठित कुलपति पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है।